कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./ESTB/36556/2026-ESTT SEC/1251 भिलाई, दिनांक 01/11/2026

//आदेश//

श्री शुभम रामटेके सहायक ग्रेड–3 को कार्यालयीन पत्र कमांक/आम निर्वा./चार/रा.वि./2026/36 भिलाई दिनांक 16.10.2026 के द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के अंतर्गत छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग के ज्ञापन कमांक/एफ–53–1/तीन (दो)/नपा/निर्वा.नामा./2026 के अनुसार नगर पालिक निगम, भिलाई के आम निर्वाचन 2026 की निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु श्री शुभम रामटेके सहायक ग्रेड–3 की डयूटी वार्ड 12 भाग संख्या 139 वैशाली नगर विधानसभा के बी.एल.ओ. के रूप में लगाई गई है, किन्तु उनके द्वारा आधार पत्रक 01 एवं 02 में विधानसभा की प्रचलित मतदाता सूची अनुसार भाग अनुभाग निर्धारित कर मार्किंग करने का कार्य पूर्ण कर सॉफ्टवेवर में एन्ट्री हेतु संबंधित वार्ड के कम्प्यूटर ऑपरेटर को शिफ्टिंग हेतु एन्ट्री कराना था जो नहीं कराया गया तथा उक्त कारण बताओं सूचना का जबाव भी प्रस्तुत नही किया गया। निर्वाचन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता एवं समयावधि में पूर्ण किया जाना अत्यावश्यक है। इस प्रकार के द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को करने में अरूचि एवं लापरवाही बरती गई है जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1)(2)(3) का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः श्री शुभम रामटेके सहायक ग्रेड–3 को उपरोक्तानुसार निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है निलंबन अवधि में मुख्यालय जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./ESTB/36556/2026-ESTT SEC/1252 भिलाई, दिनांक 01/11/2026

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, दुर्ग जिला–दुर्ग(छ.ग.) को सूचनार्थ।
3. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. अधीक्षण अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. उपायुक्त I/II नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

क्रमश.....

7. जोन आयुक्त जोन क्रमांक 2 एवं 4 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. सहायक अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
10. प्रभारी लिपिक, सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड हेतु।
12. **श्री शुभम रामटेके सहायक ग्रेड–3 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।**

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई